विश्व न्याय मंदिर

25 नवंबर 2021

अब्दुल बहा के स्वर्गारोहण के
शताब्दी स्मरणोत्सव के लिए
पवित्र भूमि में एकत्रित मित्रों को संबोधित

जब हम इस महत्वपूर्ण अवसर के महत्व पर मनन करते हैं, तो हमारे हृदय आश्चर्य से भर जाते हैंः अब्दुल–बहा के निधन से सौ वर्ष, बहाई धर्मकाल के रचनात्मक काल के आरंभ से सौ वर्ष, और बहाउल्लाह के धर्म को उनकी प्रशासनिक व्यवस्था, जिसकी संस्थाओं का आप यहां प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, सौंपे जाने के सौ वर्ष बीत चुके हैं। उसकी संविदा कितनी अद्‌भुत है, जिसके द्वारा "यह अनोखी, यह चमत्कारिक व्यवस्था" आपके राष्ट्रों में स्थापित की गई है और इसकी प्रक्रियाओं को संचालित किया गया है। हम बहाउल्लाह के प्रति कृतज्ञता में अपना सिर झुकाते हैं कि, अशांत विश्व की गंभीर और अनेक बाधाओं के बावजूद, उन्होंने द्वार खोल दिए हैं और साधन उपलब्ध कराये हैं, ताकि आप–पहली बार क्षेत्रीय बहाई परिषदों के प्रतिनिधियों सहित–इन आत्मा–उत्तेजक दिवसों में यहाँ उपस्थित हो सकें।

विशेष सामर्थ्य की अवधि, जो 2016 में दिव्य योजना की पातियों के प्रकटीकरण की शताब्दी के साथ शुरू हुई और जिसमें ईश्वर के युगल प्रकटरूपों के जन्म की द्विशताब्दी वर्षगाँठ सम्मिलित थी, अब अब्दुल–बहा के स्वर्गारोहण के सौ वर्ष बाद समाप्त हो रही है। इस दौरान बहाई समुदाय ने जो प्रगति की है, वह असाधारण से कम कुछ भी नहीं है। इसने अब्दुल–बहा की दिव्य योजना की पातियों के अगले चरण, जो अभी से कुछ महीने बाद शुरू होगा और नौ वर्ष तक चलेगा, की मांगों और आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हर जगह अनुयायियों को तैयार किया है। वर्तमान सामाजिक व्यवस्था में तेजी से हो रही गिरावट, और सर्जनात्मक प्रक्रियाओं की बढ़ती आवश्यकता, जो एक नए विश्व समाज के उद्‌भव की ओर ले जाएगी, प्रतिदिन अधिक स्पष्ट हो रही है। महानतम नाम के अनुयायियों को मास्टर द्वारा उत्तराधिकार में दिये गए एक दस्तावेज, जिसमें एक दिव्य सभ्यता के निर्माण के लिए अमूल्य तत्व शामिल हैं, की एक सदी बाद, हमें प्रिय संरक्षक के शब्दों की याद आती हैः "जैसे–जैसे मानवता निराशा, पतन, कलह और संकट की गहराई में उतरती जा रही है, बहाउल्लाह की उभरती विश्व व्यवस्था के विजेय निर्माताओं को अवश्य ही शूरवीरता की श्रेष्ठतर ऊंचाईयों को लांघना चाहिए।"

प्रिय मित्रों, इस संविदा दिवस पर हम सभी इसके केंद्र की ओर देखते हैं और अब्दुल–बहा के जीवन और व्यक्तित्व को याद करते हैं, एक ऐसे व्यक्ति जिनका अस्तित्व ही संविदा का मूर्तरूप था, पृथ्वी के विविध लोगों को एक साथ बांधते, सभी मानवजाति के लिए एकता की धुरी थे। अब्दुल–बहा, ईश्वर का वह रहस्य, "उसकी महानता का एक चिन्ह", और "परिपूर्णतम वदान्यता", जो अनगिनत बच्चों, युवाओं और वयस्कों के शुद्ध हृदयों में संरक्षित हैं, निश्चित रूप से अपने चाहने वालों को देख रहे हैं, और सदैव उनको अपनी सुरक्षा–दृष्टि में रखते हुए, उनकी सहायता कर रहे हैं। मित्र, इस अनिश्चित समय में, आशा और अभिलाषा के साथ "सभी मानवजाति के लिए आश्रय", "स्वर्ग और पृथ्वी पर निवास करते सभी जनों के लिए एक कवच", 'अब्दुल–बहा' की ओर, सेवा के मार्ग में उनके उदाहरण का अनुसरण करने का प्रयास करते समय, उच्च

लोक से सहायता पाने हेतु याचना करते हुए मुड़ते हैं। आने वाले दिनों के दौरान, जब दुनिया भर के अनुयायियों के विचार "इस पवित्र और गौरवशाली व्यक्ति" पर केंद्रित हैं, तब आपको अपने समुदायों की ओर से उन जगहों पर उन्हें श्रद्धांजलि देने का आशीर्वाद और विशेषाधिकार प्राप्त है, जहां उन्होंने दिन–रात प्रभु धर्म के विकास के लिए और मानवजाति की बेहतरी के लिए परिश्रम किया था।

कल रात, उनके निधन के शताब्दी वर्ष की पूर्व संध्या पर, जब हम उस पवित्र कक्ष में प्रार्थना करेंगे, जहां उनके पार्थिव जीवन के अंतिम क्षण बिताए गए थे, हम विश्व भर में उनके प्रियजनों को अपने हृदयों में याद रखेंगे। हम आग्रहपूर्वक प्रार्थना करेंगे कि जिस आरोग्यदायी संदेश के लिए अब्दुल–बहा जिये और अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया था, वह जल्द ही सभी मानवता के दिलों और आत्माओं में घर कर सके और इस ओर ईश्वर के मित्रों के प्रयास प्रभु की दृष्टि में स्वीकार्य हों।

हस्ताक्षरित : विश्व न्याय मंदिर